डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 170 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 06 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया



**वाहन रैली** – श्री राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर क्षत्रीय मेवाड़ा कुमावत समाज द्वारा नरसिंहपुरा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से वाहन रैली निकली। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर पुनः मंदिर पहुंची। जहां वाहन रैली का समापन हुआ। आज रविवार सुबह 08 बजे मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी।







# कलेक्टर मेम आपको गुमराह कर रही इनकी जुगलबंदी...

## ❊ पुस्तक मेला में स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं का खेल..? ❊ 20 से 40 प्रतिशत डिस्काउंट की बात, 10 प्रतिशत भी नहीं मिल रहा..! ❊ सिर्फ एक ही दुकान पर मिल रही किताब, वह भी बोल रहा कोर्स खत्म ❊ सोशल मीडिया पर आ रहे पुस्तक मेला को लेकर अभिभावकों के नेगेटिव कमेंट्स



**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दैनिक गुरु एक्सप्रेस ने किताबों में कमीशन के खेल को लेकर लगातार खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। इसके बाद लोगों के हितों को लेकर जागरुक, तेज तर्रार कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने जबलपुर की तर्ज पर पुस्तक मेले का आयोजन करने की योजना तैयार की। इससे पुस्तक विक्रेताओं और प्रकाशकों की लूट खसौट के साथ स्कूल संचालकों के कमीशन भी तगड़ा वार हो गया। वहीं अभिभावकों ने पुस्तक मेले की सुनकर काफी राहत महसूस की। लेकिन, स्कूल संचालक और पुस्तक विक्रेताओं की जुगलबंदी कलेक्टर को गुमराह कर रही है। अभिभावक पुस्तक मेले में जिस उम्मीद से गया, उसमें उसे निराशा ही हाथ लगी। जहां बीस से चालिस प्रश डिस्काउंट की बात कही गई थी, वहीं दस प्रश डिस्काउंट भी नहीं मिल रहा। इसके अलावा एक निजी स्कूल की किताबें सिर्फ एक ही पर्टीकुलर दुकान पर मिल रही। वहां भी अभिभावकों से बोला गया कोर्स खत्म हो गया, रात में आएगा। अभी भी पुस्तक मेले के दो दिन बाकी है, कलेक्टर अगर सख्ती दिखाए तो इस जुगलबंदी पर लगाम कसी जा सकती है।

किताबों में कमीशन के खेल को लेकर दैनिक गुरु एक्सप्रेस का अभियान और कलेक्टर की जागरुकता से स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं को काफी झटका लगा। कलेक्टर ने जबलपुर की तर्ज पर पुस्तक मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया। अभिभावक खुश थे। यह बात अलग है कि कुछ अभिभावकों ने कोर्स पहले ही खरीद लिया था। लेकिन, एक नई परंपरा मंदसौर में शुरु करने पर कलेक्टर अदिती गर्ग का अभिभावक आभार मान रहे थे। लेकिन, पुस्तक मेले में स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं की जुगलबंदी कलेक्टर को गुमराह करते हुए नजर आ रही है। तीन दिवसीय पुस्तक मेले के पहले दिन ही स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं का यह खेल सामने आ गया। पांच हजार का जो कोर्स दुकान पर मिल रहा है। उस पर सिर्फ दोसौ से ढाई सौ रुपए कम करके दिया जा रहा है। जबकि, बीस से चालिस प्रश डिस्काउंट की बात कही गई थी। बकायदा इसको लेकर निर्देश भी कलेक्टर ने जारी किए थे।

### खेल तो यहां भी नजर आ रहा...


पुस्तक मेले में भी कमीशन का खेल खत्म नहीं हो रहा। मेले से पहले खुले बाजार में लगभग कई दुकानों पर हर स्कूल का कोर्स उपलब्ध था। लेकिन, मेले में तो उलटा ही हो रहा है। यहां एक निजी स्कूल की किताबें सिर्फ एक ही पुस्तक विक्रेता के पास है। उसका भी कहना था कि कोर्स खत्म हो गया। यह एक नहीं बल्कि अन्य स्कूलों की भी स्थिति रही। मतलब साफ है कि जैसे तैसे तीन दिन पुस्तक मेले को निकालकर फिर दुकानों से ही अभिभावकों को किताबें खरीदने को मजबूर किया जाएगा। कलेक्टर को पुस्तक विक्रेता और स्कूल संचालक गुमराह कर रहे हैं। मेले में दो दिन और बाकी है। अगर जांच की जाए तो इस बात की पुष्टी हो सकती है।

### डिस्काउंट के नाम पर घूमा दिया अभिभावकों को...

मेले से पहले खुले बाजार में एक निजी स्कूल की किताबों का कोर्स लगभग पांच हजार रुपए में मिल रहा था। जब इसी कोर्स को मेले में पूछा गया तो इसकी कीमत थी लगभग 4800 रुपए। मतलब सिर्फ दो सौ रुपए का डिस्काउंट। जबकि, मेले में बीस से चालिस प्रश डिस्काउंट की बात कही गई थी। वहीं जबलपुर मेले की बात करें तो अभिभावको को बीस से पचास प्रश का डिस्काउंट भी मिला।

### सोशल मीडिया पर अभिभावकों के कमेंट्स...

अब अभिभावक या आम आदमी सीधे कलेक्टर को इस बात की शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। अभिभावक भी स्कूलों में बच्चे पढ़ने के कारण डरते हैं। लेकिन, सोशल मीडिया पर पुस्तक मेले में स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं के खेल को लेकर तगड़ी चर्चा हो रही है। फेसबुक और व्हाटसएप पर मेले में डिस्काउंट के नाम पर धांधली सहित अन्य मुद्दों पर लोग कमेंटस कर रहे हैं।





दुकान व वाहनों में तोड़फोड़ के बाद पहुंची पुलिस

# शराब दुकान पर तोड़ फोड़ करना पड़ा महंगा

## एक महिला सहित 12 लोगों पर गैर जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** संजीत रोड़ स्थित जग्गाखेड़ी शराब दुकान में तोड़फोड़ करना ग्रामीणों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने करीब एक दर्जन आरोपियों के विरूद्ध लूट, मारपीट, तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस रिकार्ड में सभी आरोपी फरार है। तोड़फोड़ के बाद लोगों द्वारा शराब की बोतले व नकदी लूटने का भी आरोप है। शराब ठेकेदार ने करीब 15 लाख का नुकसान बताया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम 7.30 बजे वायडीनगर थाना क्षेत्र के गांव जग्गाखेड़ी में शराब दुकान में एक दर्जन से अधिक लोगों ने तोड़फोड़ कर दी थी, वहीं एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया था। रात्रि में पुलिस बल भी पहुंचा, तब तक आरोपी भाग चुके थे।

### नौ वर्ष से संचालित हो रही थी दुकान...

शराब ठेकेदार रिंडा निवासी महेन्द्रसिंह पिता दिलीपसिंह सिसोदिया ने बताया कि जिस दुकान में तोड़फोड़ व लूट हुई है, इस स्थान पर ही शराब दुकान पिछले 09 वर्षो सें संचालित हो रही है। उस समय आस-पास मकान नही थे। किसी को कोई आपत्ति नही थी। वर्तमान में भी दुकान के पास कोई स्कूल, मंदिर व धार्मिक स्थान नही है। लेकिन, शराब ठेके में वर्चस्व की लड़ाई के चलते पहले योजनाबद्ध तरीके शिकायत करवाई गई। बाद में अचानक शराब दुकान में तोड़फोड़, लूट, आगजनी व मारपीट की गई है।

### सेल्समेन की रिपोर्ट पर 12 लोगों पर मामला दर्ज...

सेल्समेन रविराज सिंह की रिपोर्ट पर वायडीनगर पुलिस ने दुकान में तोड़फोड़, मारपीट व आगजनी करने वाले बोरखेड़ा निवासी अनिल पिता भेरुलाल गुर्जर, सीताराम पिता मांगीलाल व लोकेश, मेनपुरिया निवासी विजेश पिता नीलमचंद राठौर, जग्गाखेड़ी निवासी उदयसिंह पिता कालूसिंह, वकील बंजारा, मांगूसिंह पिता कालूसिंह, अरुण राव, जितेन्द्र राव, विध्यालाल, विद्याबाई के अलावा एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) 296, 190, 192, 324 (5) 309 (6) 125, 331 (4) 351 (2) में मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी फरार है।









# आज जिले के 1136 बूथों पर झंडा फहराकर मनाया जाएगा भाजपा स्थापना दिवस



## सर्प दंश से मासूम की मौत

**लूनाहेड़ा, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लूनाहेड़ा नई आबादी क्षेत्र में निवासरत 07 वर्षीय बालक की सर्प दंश से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लूनाहेडा निवासी राकेश मालवीय का पुत्र जिज्ञास घर के पिछे बाड़े में खेल रहा था। तभी अचानक कहीं से आकर सांप ने उसे डस लिया। मासूम को परिवारजन तुरंत बड़े अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। शाम को जिज्ञास का श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## लेन-देन के विवाद में पीटा, तीन पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मोबाइल फोन के रुपए लेन-देन को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। नयागांव (नीमच) निवासी कैलाशचन्द्र शर्मा ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा छोटा बेटा पवन बही पार्श्वनाथ कार्यक्रम में आया था। जहां दलौदा निवासी चेतन पिता गोपाल शर्मा मोबाइल फोन के लेन-देन को लेकर कुए पर ले गया। जहां चेतन के साथ ही सुसनेर निवासी यश पिता प्रकाश शर्मा, चिंतामण गणेश उज्जैन निवासी राहुल पिता संतोष शर्मा ने मिलकर मेरे बेटे पवन के साथ मारपीट की व लट्ठ से मारा, जिससे पीठ, कंधे, पैर, हाथ व सिर पर चोंट आई जिसे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी मंदसौर जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, भाजपा जिला पदाधिकारी राजेश नामदेव, राजु चावला, सह मीडिया प्रभारी विनय धनगर उपस्थित थे।

पत्रकार वार्ता के माध्यम से आगामी संगठनात्मक जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती जिले के सभी 21 मंडलों में 1136 बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है 3 अप्रैल को जिले सभी 21 ही मंडलों में उपरोक्त विषय को लेकर मंडल बैठकें आयोजित की जा चुकी है। जिनके सभी मंडलों के प्रभारी नियुक्त किए गए है। 6 अप्रैल को प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाएगा। साथ ही जिला एवं मंडल कार्यालय की सजावट कर रंगोली बनाई जाएगी और मिठाई वितरण की जायेगी। कार्यकर्ताओं के निवास पर भाजपा का ध्वज लगाकर उसकी सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत के साथ पोस्ट किया जायेगा। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया की भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस जिलेभर में मनाएगी। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तब स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था सूरज निकलेगा अंधेरा छटेगा और कमल खिलेगा। श्रद्धेय अटल जी ने जो सपना देखा था उसे आज भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गृहमंत्री श्री अमित शाह जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी से लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने साकार किया है। भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और केंद्र से लेकर अधिकांश राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें गरीबों के कल्याण का अभियान चलाकर काम कर रही हैं। कल प्रदेश के 65 हजार 14 बूथों के साथ मंदसौर जिले के 1136 बूथों पर भाजपा के



प्राथमिक सदस्य स्थापना दिवस मनाएंगे और घरों में पार्टी का ध्वज फहराएंगे। 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8 एवं 9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे। सम्मेलनों में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलताए संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत की और यात्रा विषयों पर संबोधन होगा। 7 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांव-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत पूरे दिन गांव, मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत कर आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर गलियों में यात्रा निकालेंगे। संध्या के समय स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन कर विभिन्न समुदाय के नेताओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निवास पहुंचकर भेंट करेंगे। वरिष्ठपार्टी कार्यकर्ताओं, मीसा बंदियों तथा कारसेवकों का सम्मान कर बूथ समितियों की बैठक में शामिल होंगे। 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाकर मनाएगी।भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित ने आगे कहा की भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। इस पत्रकार वार्ता के माध्यम से मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से हमारी पार्टी की आगामी कार्ययोजना जन-जन तक आसानी से पहुंचेगी।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से ट्रामा सेंटर नहीं बन सका

## बंसल ने आंदोलन शुरू करने की दी चेतावनी

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पार्षद और समाज सेवी सुनील बंसल ने एक वक्तव्य में कहा कि मेडिकल कालेज 400 करोड की लागत से सेकडो बीघा जमीन पर बन कर तैयार हुआ पर केवल 10 हजार वर्गफीट मतलब आधा बीघा जमीन से भी कम चाहिए मंदसौर में ट्रामा सेंटर के लिए लेकिन ये संभव नहीं हो पा रहा है जो जिम्मेदारों की उदासीनता को जाहिर करता है।



श्री बंसल ने कहा कि मंदसौर की जनता बहुत लंबे समय से ट्रामा सेंटर की लड़ाई लड रही है। मेडिकल कॉलेज की लड़ाई भी मिशन मन्दसौर के तहत लंबे समय से लड़ी थी। मेडिकल कॉलेज की लड़ाई को जनता ने जीता एवं स्वीकृत होकर मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो गया परंतु ट्रामा सेंटर नहीं बन सका। टामा सेन्टर प्रसोसिंग जिला चिकित्सालय परीसर में ही है ,ओर भी अधिक जगह जिला चिकित्सालय परिसर में उपलब्ध परंतु पिछले 15 से 20 सालों में अनेक भवन यहां पर बनकर तैयार हो गए परंतु जो अति आवश्यक ट्रामा सेंटर मंदसौर जिला चिकित्सालय की एक महत्वपूर्ण इकाई है उसका नहीं बन पाना निश्चित रूप से किसी न किसी की इच्छा शक्ति का अभाव है। श्री बंसल ने कहा कि जिला चिकित्सालय परिसर में लंबे समय से ट्रामा सेंटर शुरू करने की मांग चल रही है। पूर्व में जगह भी चयनित कर ली थी किंतु अज्ञात कारणों से वहां शुरू हुआ काम रोक कर अन्य निर्माण किए गए। श्री बसंल ने कहा कि मिशन मंदसौर के तहत इस आंदोलन को पुन: लड़ा जाएगा। उन्होंने इस आशय का एक पत्र सांसद द्वय, विधायक और जिला कलेक्टर को लिखा है कि अति शीघ्र मेडिकल का ट्रामा सेंटर के लिए जिला चिकित्सालय परिसर में जगह चिन्हित कर वहां पर काम चालू कराएं ताकि गंभीर एक्सीडेंट केस में घायलों को उपचार मिल सके व लोगों की बेशकीमती जिंदगी बचाई जा सके। अगर उक्त ट्रामा सेंटर की निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ नहीं होती है तो मंदसौर की जनता द्वारा बैठक बुलाकर इस आंदोलन को तेज किया जाएगा।

### आध्यात्मिक प्रवचन में स्वामी अनन्तदेवजी महाराज ने कहा...

# बुद्धि का कुछ अंश भी अपने कल्याण हेतु लगाये तो मनुष्य जन्म-मृत्यु के प्रवाह से मुक्त हो सकता है

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में चैत्र नवरात्र महोत्सव के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्री वाम देवज्योतिर्मठ संस्थान वृन्दावन के अनन्त विभूषित परम पूज्यपाद महा मण्डलेश्वर स्वामी श्री अनन्तदेवगिरीजी महाराज के प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन हो रहे है।



स्वामीजी ने नवरात्रि के सप्तम दिवस सत्संग की महिमा पर चर्चा पर कहा कि कोई परिवारजन, समाज के लोग आपको आत्म कल्याण हेतु प्रेरित नहीं करते बल्कि संसार के लिये ही उपदेश देते रहते है। मनुष्य के पास बुद्धि तो बहुत है उसका 10 प्रतिशत भी अपने कल्याण हेतु लगाये तो उसका कल्याण मार्ग प्रशस्त होकर जन्म मृत्यु के प्रवाह से मुक्त हो सकता है। स्वामी जी ने कहा कि भरतजी ने प्रयोगराज महाराज से यही वरदान मांगा मेरा बार-बार जन्म हो और हमेशा रामजी से प्रेम बना रहे और रामजी को यह पता न चले कि भरत मुझसे प्रेम करता है, और ना ही संसार के लोग भी यह जान पावे कि भरत श्री रामजी के प्रेमी है। यह है निष्काम कर्म की पराकाष्ठा। जबकि सांसारिक लोग थोड़ा भजन, ध्यान, माला, आरती करते हुए विचार करते है कि भगवान तो जानते ही है, पर दुनिया जाने की हम कितने बड़े भक्त है। आपने कहा कि अक्सर लोग कहते है वहां एक पुस्तक एक ईश्वर है कही कोई भिन्नता नहीं है किन्तु हमारे यहां कितने ही ग्रंथ, हजारो देवी, देवता एवं इतनी ही प्रकार की उपासना है। सोचिए मनुष्य शरीर की अवस्था बदली है, पल-पल मन के विचार बदलते रहते है। क्या बचपन का आपका व्यवहार, खान पान, साधन आगे आने वाली अवस्था में काम नहीं आ सकते। इस प्रकार मन की स्थिति होती है इसी कारण ऋषि मुनियों ने इस प्रकार की व्यवस्था बनाई है। सनातन में सरल से सरल, कठोर से कठोर आराधना को बताया गया है। यही सनातन धर्म की विशेषता है। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश सेठिया, आर.सी. पांडे, जयप्रकाश गर्ग, रामेश्वर गर्ग, जगदीश गर्ग, अजय मित्तल, प्रदीप देवड़ा, डॉ. प्रमोद गुप्ता, राजेश देवड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# पालक संघ के नि:शुल्क बुक्स एक्सचेंज मेले का आज होगा शुभारंभ

**नीमच, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ अभिभावकों को आर्थिक बोझ से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार 6 अप्रैल 2025 को शहर के मध्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 नीमच कैंट परिसर में (सिविल अस्पताल के पास) पालक संघ जिला इकाई नीमच के तत्वाधान में कक्षा 1 से 12वीं तक एनसीईआरटी की क़िताबें नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेले में छात्र-छात्राओं अथवा उनके अभिभावकों को आदान प्रदान करने की व्यवस्था रहेगी।**

आयोजित मेले में प्रात 8 से 10:00 बजे तक दानदाताओं द्वारा पिछले वर्ष की कक्षावार पुस्तकें जमा होगी और 11 से दोपहर 12:00 तक प्राप्त बुक्स जमा टोकन के आधार पर बुक्स उपलब्ध होने पर प्रदाय की जावेगी। इसी प्रकार शाम 4 से 6 बजे तक बुक्स प्राप्त की जाएगी शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक टोकन के आधार पर वितरण की जावेगी।पालक संघ जिला इकाई नीमच के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा एवं महिला विंग इकाई जिला अध्यक्ष प्रियंका कविश्वर जिला सचिव श्रवण शर्मा 'राज' महिला विंग जिला सचिव उषा मित्तल, मीडिया प्रभारी कपील शुक्ला, महिला विंग जिला मिडिया प्रभारी आशा सांभर , नेहा गोयल, श्वेता शर्मा,उमा जैन आदि पदाधिकारियों ने बताया कि नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेले में दानदाता द्वारा दी गई बुक्स आदान-प्रदान के साथ ही शहर के दानदाता आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क वितरण हेतु यूनिफॉर्म पुस्तकें स्टेशनरी ,कॉपियां, आदि स्कूल सामग्री जमा भी कराकर मेले में पुनीत सेवा का लाभ भी ले सकेंगे। दानदाता द्वारा जमा की गई यूनिफॉर्म स्टेशनरी कापी किताबें आदि अन्नपूर्णा सेवा न्यास की सहभागिता से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को किया जावेगा। बुक्स एक्सचेंज मेले में अभिभावकों अथवा छात्र-छात्राओं द्वारा दान में दी गई पुस्तकें वापस नहीं की जावेगी।



# संस्कार भारती द्वारा अभिनन्दन, नवसंवत-नवरात्र कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** संस्कार भारती जिला इकाई मंदसौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नववर्ष के उपलक्ष में शुक्रवार रात्रि नूतन स्कूल सभागृह मन्दसौर में ''अभिनन्दन नवसंवत-नवरात्र'' कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमे शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, कत्थक नृत्य एवं चित्रकारी का अनूठा संगम देखा गया, ।कार्यक्रम विश्व हिन्दू परिषद् के प्रशासनिक प्रमुख श्री संतोष शर्मा के मुख्य आतिथ्य में योगगुरु श्री बंसीलाल टांक, शिक्षाविद श्री रमेश चन्द्रे के विशेष आतिथ्य एवं संस्कार भारती विभाग संयोजक प्रवीण मिंडा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कथक नृत्य में जीनल जैन, अनिका जैन, आर्या दवे, अस्मिता सोनी, चेत्या बडजात्या, मासूम देववाणी, धनिष्ठा व्यास,हिमांगी जोशी, रिद्धि लालवानी, अदिति तिवारी, जानवी निमे एवं पढन्त पर पार्णिका शर्मा ने दर्शकों की बहुत तालिया बटोरी, जिसके साथ तबला संगत विश्वेष पवार, नयन चौहान हरमोनियम संगत ऐश्वर्य देशमुख द्वारा की गई। शास्त्री गायन में श्री दिव्यांश शर्मा ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी, गीत अखंड द्वारा एकल तबला वादन किया गया।, मंदसौर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं वंश सोनी, अनन्या जोग, भव्या कुमावत, स्वरूप चीनके के गायन ने सभी का मन मोह लिया। किशोर बारेट द्वारा लोक गीत की मधुर प्रस्तुतिया दी गई। साथ ही संगत कलाकार हारमोनियम पर श्री ऐश्वर्य देशमुख, सुश्री आयुषी देशमुख, तबला पर श्री नयन चौहान, श्री सन्नी विश्वकर्मा, श्री गीत अखंड श्री हर्ष दशनालिया आदि कलाकार विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में चित्रकार राहुल राठोर द्वारा भगवती माँ जगदम्बा का सबके सामने सजीव चित्र बनाया गया। कार्यक्रम में मंदसौर की विख्यात कत्थक गुरु श्रीमती सन्नाली शर्मा का शाल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया, कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने भरपूर वाहवाही बटोरी, कार्यक्रम में प्रमुखरूप से गुरुचरण बग्गा, कन्हैयालाल सोनगरा, कमल गोटी, घुमंतू कार्य प्रान्त टोली सदस्य विनोद मेहता, राजेद्र चाष्ठा, सक्षम से रवींद्र पांडे, किशोर न्याय बोर्ड से श्यामसुंदर चौधरी, राजेश नामदेव, राजेश तिवारी, भारतीय शिक्षण मंडल से श्यामसुंदर देशमुख, सुरभि मंच से जगदीश गंगवानी, संगीत महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी, शम्भुसेन राठोर, अशोक सोनी, प्रमोद पारिक, पेंटर प्रह्लाद शर्मा, रामगोपाल देशमुख, प्रमोद गुप्ता उपभोक्ता फोरम मेम्बर समता गुप्ता, घुमंतू कार्य मालवा प्रान्त प्रमुख सुनीता देशमुख, सेविका समिति से वर्तिका पारिक उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत संस्कार भारती के निशांत शर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, योगेश याग्निक, गोपाल बैरागी, निलेश सोनी, महामंत्री दिनेश नाना सोनी, यतीन्द्र भाटी ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री अंशु माथुर ने किया तथा आभार अर्जुन मेडतवाल ने माना। यह जानकारी जिला अध्यक्ष कन्हैया देशमुख द्वारा दी गई।

### भानपुरा पीठ पर जगद्गुरु शंकराचार्य के सानिध्य में...

# ब्राह्मण बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 2 मई को

**नीमच, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आद्य शंकराचार्य जयंती के पुनीत अवसर पर ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ मध्य प्रदेश पर शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ के पवन सानिध्य में ब्राह्मण बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 2 मई को भानपुरा में सम्पन्न होगा.



उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के रूद्र पाराशर ने बताया कि पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ के सानिध्य में दिनांक 28 अप्रेल सोमवार से आयोजित होने वाले शंकराचार्य जयंती महोत्सव के मध्य 2 मई शुक्रवार आद्य शंकराचार्य जयंती के पुनीत अवसर पर ब्राह्मण बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया गया है, जिसमे मालवा, हाड़ौती सहित अन्य क्षेत्रों / राज्यों के पात्र ब्राह्मण बालक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में भाग लेकर इस आयोजन का लाभ उठा सकते है. इच्छुक ब्राह्मण बालकों एवं उनके अभिभावकों को एक दिन पूर्व 1 मई 2025, गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ मुख्यालय, भानपुरा, जिला मंदसौर पर पहुंचकर प्रायश्चित कर्म में आवश्यक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा. यज्ञोपवीत संस्कार में ऐसे युवा भी सम्मिलित हो सकते है, जो अविवाहित है भानपुरा आने के समीपवर्ती रेलवे स्टेशन रामगंजमंडी, भवानी मंडी, झालावाड़ रोड (राजस्थान) पर उतरकर बस या टैक्सी से भानपुरा पंहुचा जा सकता है, सड़क मार्ग से दिल्ली - मुंबई 8लेन एक्सप्रेस वे पर नीमच - झालावाड़ टोल उतरकर नीमथूर होते हुए भानपुरा पंहुचा जा सकता है.

### राम नवमी विशेष...

# महान प्रजातंत्र-लोकतंत्र का सच्चा स्वरूप संविधान में यदि कहीं देखना, जानना हो तो वह है रामराज्य

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** त्रेतायुग जिसमें मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम अवतीर्ण हुए थे 9 लाख से अधिक वर्ष व्यतीत हो चुके है। राम के जीवन का बचपन से लेकर साकेत गमन तक जीवन के अंतिम क्षणों का मनन करे तो राम को जहां एक ओर शास्त्रों में अवतारी पुरूष माना गया है भारत ही नहीं विदेशों में यहां तक कि इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम देशों में भी राम के मंदिर होकर रामनवमी आदि पर्वों पर उत्सव-महोत्सव पूजा अर्चना भारत की ही तरह मनाये जाते है। राम यद्यपि ईश्वर के अवतार थे परन्तु जब उन्होंने एक मानव के रूप में संसार में आये तो उन्होंने अपने को एक साधारण मनुष्य के रूप में ही अपना परिचय कराया।



वर्तमान में जहां लोकतंत्र-प्रजातंत्र की चर्चा तो राजनैतिक गलियारों में खूब बढ चढकर की जाती है परन्तु वास्तव में सच्चा लोकतंत्र क्या है इसका सच्चा स्वरूप गो स्वामी तुलसीदासजी ने रामचरित मानस के अंतिम सोपान उत्तरकांड के दोहा क्रमांक 42 के बाद 6 चौपाई से दर्शाया गया है। लंका विजय के पश्चात् राम जब अयोध्या के राजा हुए तो सर्वपथम समस्त प्रजा को आमंत्रित कर अपने राज्य के संविधान का प्रथम सूत्र इन तीन चोपाईयों - एक बार रघुनाथ बोलाए। गुर द्विज पुरबासी सब आए। बैठे गुर मुनि अरु द्विज सज्जन। बोले बचन भगत भव भंजन।। सुनहु सकल पुरजन मम बानी। कहउँ न कछु ममता उर आनी।। नहिं अनीति नहिं कछु प्रभुताई। सुनहु करहु जो तुम्हहि सोहाई।। जौं अनीति कछु भाषौं भाई। तौ मोहि बरजहु भय बिसराई।। रामायण से दर्शाया है।

राज्य संचालन राज्य की व्यवस्था राजा का प्रजा से संबंध प्रजा के प्रति राजा का कर्तव्य का सच्चा स्वरूप देखना हो तो रामचरित मानस के उत्तर कांड के दोहा क्र. 19 (ग) के बाद चौपाई राम राज बैठे त्रैलोका हरर्षि भये सब सोका से लेकर दोहा क्र. 23 का अध्ययन सभी राजनायिकों को अवश्य करना चाहिए। तभी सचे लोकतंत्र का स्वरूप समझ में आयेगा। एक वाक्य में कहा जाये तो राम राज्य तोड़ने का नहीं जोड़ने का काम करता है। राम राज्य का सबसे बड़ा गुण विनम्रता राम ने अपनी प्रिया सीता का अपहरण करने के बाद भी उस पर क्रोध करने के बदले पहले उसे प्रेम से समझाने का भरसक प्रयास किया। लंका में रहने से सीता की अग्नि परीक्षा होने के बावजूद अयोध्या आने पर एक रजक के आरोप लगाने पर धोबी पर क्रोध कर दण्ड देने के बदले सीता का त्याग कर दिया। यदि विनम्रता वर्तमान सियासत करने वालों में आ जाये तो लोकतंत्र का पवित्र मंदिर दंगल अखाड़ा बनने से बच जायेगा। रामचरित मानस के तीन शब्दों के बीच का शब्द है चरित। चरित अर्थात चरित्र-हमारा दूसरे के लिये अनुकरणीय हमारा चित्र नहीं हमारा चरित्र होगा। परन्तु हो रहा है इसका उल्टा चरित्र हमारा चाहे जो कुछ हो परन्तु मोबाइल के कैमरे में हमारा चित्र दिन में 10 बार दिखना चाहिए। यदि जीवन में मर्यादा चरित्र अनुशासन तीन में से एक भी उतर जाये तो रामनवमी-रामराज्य की कल्पना-महोत्सव मनाना सार्थक हो जायेगा। रामनवमी को सबको पतंजलि परिवार की ओर से बहुत बहुत हार्दिक मंगल शुभकामनाएं।



**बंशीलाल टांक, मंदसौर**

### 06 अप्रैल भाजपा का स्थापना दिवस...

# हम राजनीति और सत्ता छोड़ सकते हैं किंतु आरएसएस को नहीं

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** हम सत्ता और राजनीति दोनों छोड़ सकते हैं परंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को नहीं छोड सकते। उक्त वक्तव्य पं. अटल बिहारी वाजपेई ने दोहरी सदस्यता विषय को लेकर दिया था। वास्तव में घटनाक्रम यह था कि- इलाहाबाद हाईकोर्ट से चुनाव याचिका में राज नारायण से मुकदमा हारने के बाद श्रीमती इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देना आवश्यक था। किंतु अपने पद पर बने रहने के लिए राष्ट्रपति पर अवैधानिक दबाव बनाकर 25 जून 1975 को रात्रि 12 बजे श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की रक्षा करने वाले भारतीय जनसंघ, समाजवादी दल, भारतीय लोक दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेक हिंदू संगठनों एवं देश में चलने वाले लोकतांत्रिक संगठनों को भी प्रतिबंधित कर उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया जो 18 से 19 महीने तक देश की विभिन्न जेलों में बंद रहे। इसके बाद 1977 में चुनाव की घोषणा की गई, जो नेता जेलों में बंद थे उसमें कुछ नेताओं को छोड़कर सभी को रिहा कर दिया गया।

आपातकाल के समय के समस्त प्रतिबंधित दलों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आह्वान के कारण एक जाजम पर आकर इंदिरा गांधी के विरुद्ध शंखनाद का निर्णय लिया और लोकतंत्र की रक्षा केलिए जनता पार्टी नामक दल का गठन किया, एकजुट शक्ति होने के कारण परिणाम स्वरूप जनता पार्टी की सरकार बन गई तथा श्रीमती इंदिरा गांधी की पार्टी कांग्रेस बुरी तरह हार गई और 1980 तक यह गठबंधन रहा, किंतु 1977 से 1980 के बीच लगातार लोकदल, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस (ओ), संगठन कांग्रेस के मोरारजी देसाई, मधु लिमए, राजनारायण, जॉर्ज फर्नांडिस एवं मधु दंडवते और मध्यप्रदेश के रघु ठाकुर इत्यादि और इसी जमात में चौधरी चरण सिंह, हेमवती नंदन बहुगुणा एवं जगजीवन राम जैसे लोग भी सदैव



भारतीय जनसंघ के लोगों पर आपत्तियां लगाते रहे थे और दोहरी सदस्यता अर्थात उस समय की जनता पार्टी का कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध नहीं रखना चाहिए और उसकी शाखा में नहीं जाना चाहिए अन्यथा उन्हें जनता पार्टी में सहन नहीं किया जाएगा। इस विषय को लेकर के विवाद की स्थिति निर्मित कर रहे थे लेकिन पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है और हमें उसका स्वयंसेवक होने का गर्व है। हम इसके लिए सत्ता और और राजनीति भी छोड़ सकते हैं किंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कदापि नहीं छोड़ सकते। अटल जी के इस बयान के बाद विघटन की स्थिति पैदा हो गई। इस विघटन को रोकने के लिए उस समय के लोकनायक श्री जयप्रकाश नारायण ने अस्पताल से डायलिसिस पर रहते हुए भी बहुत प्रयत्न किए, किंतु उन्हें सफलता नहीं मिली। उक्त घटनाक्रम के बाद भारतीय जनसंघ पार्टी ने इनके साथ काम नहीं करने का निर्णय ले लिया। उस समय भी अनेक जनसंघ नेताओं की सोच थी कि अब हमें भारतीय जनसंघ के नाम से ही चुनाव लड़ना चाहिए किंतु अटल बिहारी वाजपेई ने यह कहा कि यदि हम भारतीय जनसंघ के नाम से चुनाव लड़ेंगे तो जनता में यह संदेश जाएगा कि इन्होंने जनता पार्टी तोड़कर जनसंघ को अलग कर लिया है इसलिए अब एक नई पार्टी बनाने की आवश्यकता है और 6 अप्रैल 1980 को भारतीयजनतापार्टी कीस्थापना की गई जिसमें अटल बिहारी वाजपेई ने अपने प्रथम भाषण में कहा था अंधेरा हटेगा सूरज उगेगा और कमल खिलेगा तथा इसी उद्देश्य को लेकर देश में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता सक्रिय हो गए किंतु 1984 मे श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या होने से सहानुभूति की लहर के कारण आम चुनाव में भाजपा को केवल 2 सीट मिली इसमें अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज भी चुनाव हार गए किंतु गुजरात प्रांत के मेहसाणा से ए. के. पटेल एवं आंध्र प्रदेश के हनामकोंडा लोकसभा सीट से चिंटू पटिया जंगा रेड्डी चुनाव जीत गए।

उसके बाद अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में गठबंधन की सरकारे बनी किंतु 2014 में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। हिंदुओं की रक्षा और राष्ट्रवादी सोच को साथ भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा तक अब पूर्ण बहुमत की सरकार बना पाई है और अब हिंदुत्व की रक्षा एवं राष्ट्रवादी सोच के अंतर्गत निर्णय लेती है तो इसमें विरोधियों को आपत्ति नहीं करना चाहिए क्योंकि धारा 370, राम मंदिर, तीन तलाक, एनआरसी, तथा वक्त बोर्ड संशोधन विधेयक जैसे अनेक निर्णय यह राष्ट्रवादी निर्णय भारत राष्ट्र की शक्ति बढ़ाने के लिए ही दिए गए हैं। आज 6 अप्रैल को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा जिसमें 12 करोड़ से भी अधिक सदस्य संख्या है, का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर अपनी पार्टी के इतिहास, पृष्ठभूमि एवं पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों के अनुसार ही अपने लक्ष्यों पर पार्टी को केंद्रित रहना चाहिए और उसके कार्यकर्ताओं को भी इन लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना चाहिए तभी भारत का विकास होगा।

**रमेशचंद्र चंद्रे, मंदसौर**

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/561/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक-02.04.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्रकुमार पाटीदार पिता रामदयाल पाटीदार निवासी ग्राम टकरावद, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 26.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 07.05.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | पिपलियापंथ | 85/438/2 | 3.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.05.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-11185/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## दो थाना पुलिस की कार्रवाई....

# पांच क्विंटल डोडाचूरा, ढाई किलो से ज्यादा अफीम जप्त

**पिकअप और बाइक से हो रही थी तस्करी, पांच गिरफ्तार**




**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला पुलिस ने लगातार दूसरे दिन मादक पदार्थो की तस्करी को लेकर दो स्थानो पर कारवाई की है। सुवासरा पुलिस ने पिकअप से पांच क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। वहीं भानपुरा पुलिस ने बाइक सवारों के कब्जे से ढाई किलो से ज्यादा अफीम पकड़ी है। दोनों ही मामलों में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**26 कट्टे डोडाचूरा सहित पिकअप जप्त**–सुवासरा पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर गरोठ-उज्जैन फोरलेन ग्राम सेमली कांकड़ के पास दबिश दी गई। इस दौरान एक पिकअप वाहन को रोका गया। जिसमें चालक एवं उनके साथ बैठे लोगो से पूछताछ की गई। उन्होंने अपना नाम गोविन्दसिंह उर्फ राहुल पिता विजयसिंह सौ.राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासी उंचा बर्डिया थाना उन्हेल जिला झालावाड राजस्थान व अशोक पिता मांगीलाल कीर उम्र 30 वर्ष निवासी आवरा थाना शामगढ बताया। पिकअप की तलाशी ली गई। जिसमें 520 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा मिला। आरोपियो से पूछताछ करने पर जप्त शुदा डोडाचूरा किशोर पिता कृपालसिंह सौ.राज. निवासी गोपालपूरा व गोविन्दसिंह निवासी खेड़ का होना बताया गया। आरोपियो के बताये अनुसार प्रकरण मे आरोपी किशोर पिता कृपालसिंह सौ.राज. निवासी गोपालपुरा को भी सुवासरा पुलिस व्दारा गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियो का पुलिस रिमांड प्राप्त कर डोडाचुरा के अन्य स्त्रोतो के संबंध मे पूछताछ की जाएगी।

**भानपुरा पुलिस ने पकड़ी अफीम, दो गिरफ्तार**–भानपुरा पुलिस को सूचना मिली कि दो तस्कर भवानी मंडी रेलवे स्टेशन पर अफीम के साथ आने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए बाइक सवार आरोपी गोवर्धन पिता नारायण सिंह चौहान जाति-सौंधिया राजपुत आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम हनोतिया कोटडी थाना पिडावा जिला झालावाड राजस्थान और ईश्वर सिंह पिता भगवान सिंह राठौर जाति सौंधिया राजपुत आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम बिस्तुनिया थाना पगारिया जिला झालावाड राजस्थान को अवैध मादक पदार्थ 02 किलो 700 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# बढ़ी तपन, सोमवार से दो दिन लू का अलर्ट



**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दोपहर में तपन बढ़ने के साथ ही गरमी अब तीखे तेवर दिखाने लगी है। दोपहर में बाजार सूनसान नजर आ रहे हैं। सोमवार 07 अप्रैल से दो दिन मंदसौर में लू का अलर्ट भी जारी किया गया है। गर्मी के इस सीजन में पहली बार मध्यप्रदेश में हीट वेव यानी लू का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 07 और 08 अप्रैल को उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के 10 जिलों में लू चलने की आशंका जताई है। वहीं, भोपाल, इंदौर, जबलपुर-सागर संभाग में भी तेज गर्मी पड़ने का अनुमान है।

मौसम विभाग भोपाल की सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि शुक्रवार को दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में एक्टिव रहा। इस वजह से कहीं-कहीं हल्की बारिश और बादल छाए रहे। यह सिस्टम शनिवार को कमजोर हो गया। जिससे गर्मी का असर बढ़ा। इससे तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। अगले 03-04 दिन तक दिन का तापमान बढ़ सकता है। वहीं, 07-08 अप्रैल को हीट वेव यानी गर्म हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार 07 अप्रैल को नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड और दतिया में लू चल सकती है। इसी तरह 08 अप्रैल को नीमच, मंदसौर, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर में हीट वेव का असर रहेगा।

# कलेक्टर ने किया संजय गांधी उद्यान में पुस्तक मेले का शुभारंभ

**पुस्तक मेला 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा, निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रियायती दर पर मिलेगी पुस्तकें और शैक्षणिक सामग्री**



**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने संजय गांधी उद्यान मंदसौर में पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक चलेगा। मेले का समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 08:00 बजे तक रहेगा।

पुस्तक मेले का उद्देश अभिभावकों/छात्रों को उचित मूल्य / रियायती दरों पर पुस्तके एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है, मेले में पहली कक्षा से कक्षा 12 वीं तक के छात्रों को अन्य प्रकाशकों की पुस्तको पर प्रिंट रेट से 20 प्रतिशत कम एवं एन.सी.आर.टी. पुस्तके नेट रेट पर उपलब्ध होगी, साथ ही ए-5 कॉपीयों पर प्रिंट रेट से 40 प्रतिशत कम मुल्य पर अभिभावकों एवं छात्रों को उपलब्ध होगी। पुस्तक मेले में निजी विद्यालयों की गणवेश, टाई, मौजो पर 10 प्रतिशत की छूट रहेगी। मंदसौर जिले में जिला प्रशासन द्वारा पहली बार आयोजित किए गए पुस्तक मेले से अभिभावक पर वित्तिय बोझ कम पड़ेगा। पुस्तक मेले में ओक्सफोर्ड, पियरसन, नवनित, नेक्स्ट एजुकेशन, मेक मिलन, ओरियंटल, ब्लेकसान, ए-उ‌अउ, गुडलक प्रकाशक एवं अन्य प्रकाशको की पुस्तके केवल मेला अवधि में रियायती दरो पर उपलब्ध रहेगी। मंदसौर जिले के समस्त अभिभावक पुस्तक मेले से रियायती दरो पर पुस्तके एवं शैक्षणिक सामग्री खरीद कर लाभ उठावें।

**इन पुस्तक विक्रेताओं द्वारा विशेष छूट प्रदान की गई है** –(1) सकलेचा स्टेशनरी मार्ट नीमच। (2) माहेश्वरी स्टेशनरी मार्टगांधी चौराह मन्दसौरा। (3) अन्नपूर्णा स्टेशनरी मार्ट मंदसौरा। (4) मनीष टेलीकाम मंदसौरा। (5) जयभारत स्टेशनरी मन्दसौरा। (6) मन्दसौर बुक डिपो मन्दसौरा। (7) हरीओम साहित्य सदन 'मन्दसौरा। (8) स्कूल कॉलेज बुक डिपो मन्दसौरा। (9) 'पालीवाल स्टेशनरी मन्दसौरा। (10) नाहटा स्टेशनरी मंदसौरा। (11) टेकनीकल बुक डिपो मन्दसौरा। (12) आशिष स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर्स रामटेकरी मन्दसौरा। (13) मुजावदिया स्टेशनरी मार्ट मन्दसौरा। (14) बसेर स्टेशनरी मार्ट मंदसौरा। (15) गुरुकृपा स्टेशनरी मन्दसौरा। (16) सोमानी स्टेशनरी मन्दसौरा। (17) सकलेचा स्टेशनरी मार्ट मंदसौरा। (18) बालाजी स्टेशनरी मंदसौरा। (19) श्री बालाजी बुक सेन्टरा। (20) प्रभात स्टेशनरी मन्दसौरा। (21) तपस्या एम्पोरियम मन्दसौरा। (22) पामेचा एम्पोरियम मन्दसौरा।

# महा सोमयज्ञ से काल सर्प योग, पितृ दोष और प्रेत बाधा दूर होती है-वैष्णवाचार्य डॉ. गोकुलोत्सव जी





**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** महासोमयज्ञ में बैठ कर आहुति देने वाले श्रद्धालुओं का जीवन बदल जाता है। यह यज्ञ करने से काल सर्प योग, पितृदोष प्रेतबाधा ओर वास्तु दोष दूर होते हैं। यह बात कही है वैष्णवाचार्य गोस्वामी पद्मभूषण डॉ. गोकुलोत्सव जी महाराज ने। आप मंदसौर के श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। आपने कहा कि यह असाधारण यज्ञ है। इससे जीवन के सारे कष्ट दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूरी होती है। पूज्य महाराज श्री को आमंत्रण पत्रक भेंट करने के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, तथा हेमन्त भाई शाह ,उमेश पारीख, जगदीश शर्मा, ब्रजेश जोशी और जीतू भाई पारिख मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि आगामी 13 से 18 अप्रैल तक कालाखेत प्रांगण में होने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन चार पालियां होंगी।एक दिन एक पाली में बैठ कर इस यज्ञ में सम्मिलित हुआ जा सकता है। महायज्ञ के लिए कल खेत मैदान में निर्मित यज्ञशाला में 21 वेदियों का निर्माण किया गया है। यज्ञशाला प्रांगण के व्यवस्था प्रभारी विक्रम भटनागर ने बताया है कि यज्ञशाला में मुख्य विधि के परिसर के नजदीक दर्शन दीर्घा और परिक्रमा मार्ग भी बनाया जा रहा है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमन्त शर्मा ने दी है।

# क्षत्रिय कुमावत समाज द्वारा श्री राम जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**मंदसौर, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** क्षत्रिय कुमावत समाज नरसिंहपुरा,नयागांव, रामटेकरी के तत्वाधान मे भव्य राम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। दिनांक 5 अप्रैल शनिवार को राम जानकी मंदिर से विशाल वाहन रैली निकाली गयी। व 6 अप्रैल रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें घोड़े, बैंड-बाजे,अखाड़े,31 ढोल के साथ शोभायात्रा नगर में निकलेगी। तत्पश्चात 6 अप्रैल को ही 12:00 बजे आतिशबाजी व ढोल ताशों के साथ भव्य महाआरती नरसिंहपुरा के राम जानकी मंदिर में की जावेगी।मंदसौर मे शोभायात्रा का मार्ग राम टेकरी,महाराणा प्रताप चौराहा,बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बसस्टैंड, घंटाघर,शुक्ला चौक, नयापुरा रोड से वापसी नरसिंहपुरा पहुंचेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष राधेश्याम बरानिया, सचिव मोहनलाल मारिवार, उपाध्यक्ष राजेंद्र घोड़ेला, नटवर बाथरा , लोकेंद्र कुमावत, गोवर्धन कुमावत,मांगीलाल कुमावत, सत्यनारायण मंडलिया, नानालाल जाजपुरा,चांदमल मंडलिया, गणपत मंडलिया मांडेला आदि उपस्थित रहेंगे।

# वकीलों का विरोध प्रदर्शन जारी

**नए न्यायालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं की मांग, लॉ कॉलेज के छात्र व स्टाफ का समर्थन मिला**

**नीमच, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के नवीन न्यायालय परिसर के बाहर वकीलों का विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। वकील 01अप्रैल से परिसर के बाहर टेंट लगाकर धरना दे रहे हैं। जिला मुख्यालय के वकील विभिन्न तरीकों से अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। इनमें मानव श्रृंखला, सद्बुद्धि यज्ञ, वाहन रैली और मौन जुलूस शामिल हैं। नए न्यायालय परिसर में वकीलों के लिए बुनियादी सुविधाएं और बैठने की जगह नहीं है। इसी कारण वकीलों ने परिसर में कामकाज का बहिष्कार कर रखा है। वकीलों के इस आंदोलन को जिले के विभिन्न अभिभाषक संघों का समर्थन मिल रहा है। साथ ही आम लोग और सामाजिक-राजनैतिक संगठन भी इस विरोध में शामिल हो रहे हैं। शनिवार को ज्ञान मंदिर लॉ कॉलेज के छात्र और स्टाफ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अभिभाषक संघ नीमच के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने वकीलों की मांगों को उचित बताते हुए इनके जल्द समाधान की मांग की है।

# 5 वर्ष से ड्यूटी मंदसौर में, वेतन ले रहे कनघट्टी से..!

**पिपलियामंडी/कनघट्टी, 05 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गांव कनघट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन का पिछले 5 वर्ष से मंदसौर में अटेचमेंट कर रखा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना के समय कनघट्टी स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन को मंदसौर जिला चिकित्सालय में अटेचमेंट किया था। उसके बाद आज दिन तक कनघट्टी में पुन: पद स्थापना नही की गई। जबकि लैब टेक्नीशियन का वेतन कनघट्टी स्वास्थ्य केन्द्र से प्राप्त हो रहा है। एडवोकेट अखिलेश कौशिक, भाजपा नेता प्रवीण आर्य, शम्भूलाल गायरी ने सीएमएचओ व भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश पाटीदार का अवगत कराकर लेब टेक्नीशियन को पुन: कनघट्टी पदस्थ कराने की मांग की।

**शीघ्र समस्या का निराकरण कराया जाएगा:**– ब्लाक मेडीकल ऑफिसर डॉ. निशांत शर्मा का कहना है कोरोना के समय स्वास्थ्य विभाग में अटेचमेंट किए गए थे। जिनकी सूची बनाकर सीएमएचओ मंदसौर को भिजवाई है। एक सप्ताह में कनघट्टी के लेब टेक्नीशियन की पुन: पद स्थापना कर समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

**✻ नाम परिवर्तन ✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शब्बीर पिता इब्राहीम ने अपना नाम परिवर्तन कर शब्बीर हुसैन पिता इब्राहीम कर लिया है। अत: आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम शब्बीर हुसैन पिता इब्राहीम के नाम से जाना एवं पहचाना जाएं।

पता–मकान नं.66, मोचीवाड़ा, मंदसौर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मंदसौर (नगर), जिला मंदसौर (म.प्र.)**

न्यायालय कलेक्टर प्रकरण क्रमांक 0020/अ-20(2)2024-25
ईश्यू नंबर 445/री-1/2025 मंदसौर, दिनांक 28/03/25

श्रीजी सामाजिक सेवा संस्था गुराडियादेदा.............आवेदक
विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन...........अनावेदक

**सार्वजनिक सूचना / विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण एवं जनता मंदसौर तहसील मंदसौर को यह सूचित किया जाता है कि श्रीजी सामाजिक सेवा संस्था गुराडियादेदा द्वारा ग्राम गुराडियादेदा की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 1424 रकबा 0.450 हेक्टेयर में से रकबा 0.450 हेक्टेयर मद शासकीय चरागाह को खेल मैदान, हॉस्टल एवं गार्डन, डे केयर एवं हेल्थ केयर सेंटर हेतु आवंटित किये जाने की मांग गई है।
आवेदक के अतिरिक्त अन्य कोई प्रश्नाधीन भूमि का आरक्षण समान प्रयोजन के लिए अथवा प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन चाहता है तो वह भी अपना दावा अपनी अर्हताओं के विवरण के साथ कंडिका 09 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए इस कार्यालय को सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित नियत अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकेगा । अत: आवेदक को खेल मैदान, हॉस्टल एवं गार्डन डे केयर एवं हेल्थ केयर सेंटर हेतु उक्त भूमि आवंटित किये जाने के विषय में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति / सुझाव हो तो वह इस प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 10/04/2025 तक स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरान्त प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । सर्वसंबंधित सूचित हो । आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई ।

तहसीलदार
तहसील मंदसौर नगर










स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in